>

Title: Need for timely running of Vaishali Express.

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन डाऊन में बरौनी, गोरखपुर–लखनऊ विगत 6 माह से विलंब से चल रही है। गौरखपुर बरौनी मार्ग में वैशाली एक्सप्रेस देवरिया से गोरखपुर के मध्य 50 कि.मी. की दूरी 1.20 घंटे में अधिकतम तय करती है। क्योंकि गोरखपुर जंक्शन पर गोरखधाम 5 बजे प्लेटफार्म खाली करती है। गोरखपुर छावनी में वैशाली एक्सप्रेस प्लेटफार्म खाली होने का इंतजार 1 घंटा 40 मिनट तक करती है। वैशाली एक्सप्रेस के समय की इन विसंगति को दूर कर इसे समय से चलाये जाने हेतु शीघ्र कदम उठाए जाएं।